## खबर संक्षेप

### कुंदनदास उमावि में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**कटनी।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कुंदनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शांति नगर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बच्चों को उनके मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य एवं समानता का अधिकार एवं बच्चों को कानूनी सहायता और सुरक्षा के संबंध में एवं (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण) योजना 2015 एवं नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही हर्षित बिसेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता, मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में जानकारी प्रदान की गई और बताया कि कानूनी समस्या के समाधान के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी में संपर्क कर सकते है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राए एवं पैरालीगल वालेंटियर आराधना तिवारी उपस्थित रहे।

### पिछले साल से 65.1 फीसदी अधिक औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 25 जुलाई तक कुल 632.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 830.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 383.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 65.1 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 663.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 830.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 545 मिलीमीटर, बरही तहसील में 471 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 619.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 579.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 783.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 566.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### समग्र आई-डी बनवाने शुरू करें टोकन प्रक्रिया



**कटनी।** शहर के नागरिक अब शीघ्र ही बिना किसी असुविधा के अपने निर्धारित टोकन नंबर पर समग्र आईडी का कार्य करा सकेंगे। नागरिकों की सुविधा हेतु टोकन सिस्टम शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश निगमायुक्त नीलेश दुबे ने शुक्रवार को आयोजित समग्र आई डी कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने समीक्षा बैठक के दौरान समग्र कार्य के दौरान आ रही कठिनाइयों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि कार्य के दौरान नागरिकों की अत्यधिक संख्या व शीघ्रता से समग्र कार्य कराने हेतु अनावश्यक रूप से कार्यालय में आवेदक प्रवेश करते है। जिससे कार्यालयीन कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस पर निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं कार्य के सफल संचालन हेतु शीघ्र ही टोकन सिस्टम लागू करने और टोकन नंबर के आधार पर ही समग्र आई डी का कार्य करने के निर्देश मौजूदा अधिकारियों को दिए गए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने समग्र कार्य में संलग्न कर्मचारियों को नागरिकों की समस्याओं को सहजता पूर्वक सुनते हुए उसका निराकरण करने की भी हिदायत दी। बैठक में जागेश्वर पाठक, सागर नायक सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों व समग्र कार्य में संलग्न ऑपरेटरों की उपस्थिति रही।

---

### शिवरजिया उपार्जन केन्द्र प्रभारी पर किसानों ने लगाए गंभीर आरोप, जांच कार्यवाही की मांग

# अधिकारियों की सरपरस्ती में खरीदी प्रभारी कर रहा मनमानी, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



जिले में समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी का कार्य चल रहा है। सरकार एवं जिला कलेक्टर द्वारा उपार्जन केन्द्रों में किसानों की उपज को प्राथमिकता के साथ खरीदने तथा केन्द्रों में तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के भले ही सख्त निर्देश दिए गए हों लेकिन खरीदी प्रभारियों की मनमानी से किसान परेशान हो रहे हैं। खरीदी प्रभारी की मनमानी पर जांच कार्यवाही नहीं किया जाना जिम्मेदार अधिकारियों की सरपरस्ती की ओर इंगित कर रही है। हताश किसान अब आंदोलन की राह पकड़ने पर विवश हो रहे हैं।

बड़वारा तहसील क्षेत्र में शिवरजिया वेयर हाउस धनवारा लखाखेरा में मूंग, उड़द की खरीदी का कार्य चल रहा है। यहां उपज बेचने आए किसानों ने खरीदी प्रभारी लखन पटेल पर मनमानी किये जाने का आरोप लगाया है। खरीदी केंद्र में अपनी मूंग की उपज विक्रय करने आये किसान अवधेशराज सिंह ने बताया कि में तीन दिन से अपनी मूंग की उपज की विक्रय करने के लिए केंद्र में चक्कर काट रहा हूँ किन्तु खरीदी प्रभारी लखन पटेल के द्वारा मेरी मूंग को खराब बताकर ग्रेडिंग करवाने के नाम पट भटकाया जा रहा था। किसान का कहना है कि मेरे द्वारा मूंग को पिपरिया खरीदी केंद्र में ट्रांसफर करवा दिया था। जब समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुई तो खरीदी प्रभारी लखन पटेल ने मुझसे कहा कहीं जाने की आवश्यकता नही है, तुम्हारी मूंग ठीक है यहीं तुलवाई करवा दूंगा यहीं खरीद ली जाएगी।

#### मांगा जा रहा खर्चा, भर्ती भी ज्यादाः यूनियन जिलाध्यक्ष

किसानों की शिकायतों पर उनकी समस्याओं को देखने शिवरजिया वेयर हाउस बड़वारा में आये किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि शिवरजिया वेयर हाउस धनवारा लखाखेरा में खरीदी प्रभारी लखन पटेल की मनमानी चरम सीमा पर है। खरीदी प्रभारी लखन पटेल द्वारा किसानों की मूंग की उपज को खराब बताकर खरीदी नही की जा रही किसानों की भटकाया जा रहा है वहीं व्यापारियों व दलालों के द्वारा केंद्र में विक्रय हेतु लाई गई मूंग को खराब होने के बावजूद खरीदी प्रभारी के द्वारा खरीद लिया जाता है। खरीदी प्रभारी द्वारा किसानों से खर्चा मांगा जा रहा व वेवजह परेशान किया जा रहा है। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने बताया कि किसानों से पचास किलो की जगह इक्यावन किलो दो सौ ग्राम की भर्ती की जाती है जबकि बोरी में पचास किलो की पर्ची लगाई जाती है। बोरी में लगाई गई पर्ची में किसान कोड नम्बर पूरा नही लिखा जाता एवम किसान का नाम भी नही लिखा जाता है। किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने बताया कि हर बार एक ही व्यक्ति लखन पटेल को अधिकारियों द्वारा धान,गेहूं,मूंग का खरीदी प्रभारी बनाया जाता है जिससे लखन पटेल की मनमानी बढ़ती जा रही है।

#### आंदोलन की चेतावनी

किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि प्रशासन दो दिन में शिवरजिया वेयर हाउस में व्यवस्थाएं सुधारे अन्यथा किसान यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि यदि आगामी धान, गेहूं,मूंग खरीदी में लखन पटेल को अधिकारियों द्वारा खरीदी प्रभारी बनाया जाएगा तो किसान यूनियन ब्रह्द आंदोलन प्रदर्शन करेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। किसानों के साथ छलावा हरगिज बर्दाश्त नही किया जाएगा।

---



# करंट की चपेट में आने से ब्रिज निर्माण कर्मी झुलसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ब्रिज निर्माण के दौरान एक कर्मचारी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। कैलवारा रेलवे फाटक के समीप घटना सुबह करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। झुलसे कर्मचारी की पहचान बाबाघाट निवासी सेम्युअल के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सेम्युअल लोहे का पटरा निकालने का कार्य कर रहा था, तभी ब्रिज निर्माण स्थल के ऊपर से गुजर रही रेलवे की मेन हाईटेंशन लाइन के संपर्क में लिफ्ट वाहन का हिस्सा आ गया। इससे करंट पूरे स्ट्रक्चर में दौड़ गया, और कर्मचारी उसकी चपेट में आ गया।

#### घटना से मचा हड़कंप

घटना स्थल पर सुरक्षा के कोई मानक उपकरण, जैसे सेफ्टी किट या इंसुलेटेड टूल्स उपलब्ध नहीं थे, जिससे यह गंभीर हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद आसपास भारी भीड़ जमा हो गई और एलएनटी के अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

#### सुरक्षा से खिलवाड़

इस घटना ने कंपनी की सुरक्षा मानकों की अनदेखी उजागर कर दी। इस तरह की घटनाएं ठेकेदार और निर्माण कंपनियां द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर बरती जा रही लापरवाही को उजागर करती है। अधिकारियों द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा मानकों की नियमित जांच नहीं की जा रही जिससे इस तरह की घटनाएं बढ़ती जा रही है। बिना सेफ्टी उपकरणों के जोखिम बना रहता है।

---

*जिला दंडाधिकारी ने सुरक्षा की दृष्टि से जारी किया आदेश*

# छात्र-छात्राओं को ई-रिक्शा से स्कूल लाने-ले जाने पर लगा पूर्णतः प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ई-रिक्शा से स्कूली छात्रों के परिवहन को प्रतिबंधित करने का हुआ निर्णय



जिले में बच्चों को ई-रिक्शा से स्कूल लाने और ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से सम्पूर्ण जिले में लागू हो गया है।

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी इस प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इसका उल्लंघन पाये जाने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 एवं अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर श्री यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा के दौरान यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ई-रिक्शा में बिना किसी सुरक्षा प्रबंध एवं क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन करना बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री यादव ने बच्चों को ई-रिक्शा में परिवहन करने संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इसके साथ ही आदेश में समय-समय पर समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रकाशित समाचारों का उल्लेख करते हुये कहा गया है कि छात्र-छात्राओं के परिवहन हेतु प्रयोग किये जा रहे ई-रिक्शा में स्कूली बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी प्रकार की व्यवस्था नहीं होती है। स्कूली बच्चों के परिवहन हेतु यह असुरक्षित वाहन है। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को महत्वपूर्ण मानते हुये आदेश में कहा गया है कि बिना किसी सुरक्षा प्रबंधन एवं क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर परिवहन करना बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। इन परिस्थितियों में स्कूली छात्र-छात्राओं के यातायात में ई-रिक्शा के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबन्धित किया गया है।

---

### ग्राम महगंवा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का हुआ शुभारंभ



विकासखंड बड़वारा में बसाडी सेक्टर नंबर 04 के ग्राम महगवां में गुरूवार को नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं ने खेर माता मंदिर में पूजा अर्चन कर पर्यावरण संरक्षण प्रेरणा गीत भक्ति में वातावरण तैयार कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तदुपरांत प्रांगण से लेकर ग्राम का भ्रमण करते हुए कलश यात्रा का आयोजन किया गया। साथ ही पंखुड़ी माता मंदिर में एक पेड़ मां के नाम सांकेतिक रूप से लगाकर पौधारोपण कार्य किया गया एवं खेरमाई प्रांगण में कलश यात्रा का समापन करते हुए उपस्थित सरपंच श्रीमती राधा साहू के द्वारा उपस्थित महिलाओं को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षित करने हेतु संकल्प दिलाया गया।

---

# ब्लाक स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मप्र स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह मरावी के निर्देशन और जिला क्रीड़ा अधिकारी कटनी अनूप डांगीवाला के मार्गदर्शन व प्रमोद डेहरिया के सहयोग से 15 जुलाई 2025 से विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। बहोरीबंद विकासखंड स्तरीय बैडमिंटन, खो–खो व शतरंज प्रतियोगिताओ का ट्रायल आयोजित किया गया!जिसमें नोडल खेल प्रभारी अमर सिंह पटेल और सहायक नोडल खेल प्रभारी महेंद्र सिंह तेवरी ने बताया कि बैडमिंटन में सागर यादव, नयन मिश्रा, धनु कुमार शाह,आध्या मिश्रा,संस्कृति नायक,सुनिधि बैरागी, का साथ ही शतरंज में शौर्य जैन, अंकित मिश्रा, हर्ष चौबे,वेद सिंह,सुब्रत जैन, आयुष्मान शुक्ला,शौर्य गौतम,अथर्व असाटी,लवली गुप्ता, अंजनी गुप्ता, प्रतीक्षा सिंह,स्वाति उइके,मनस्वी असाटी,आराध्या तिवारी,नेहा सिंह, अंशिका कुशवाहा,अंशुल बर्मन, शरद नामदेव,प्रदीप चक्रवर्ती,प्रिंस नामदेव, तुषार राजपूत,अनमोल तिवारी,साहिल कुशवाहा अपने - अपने मैच जीतकर जिले के लिए क्वालीफाई किया।

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से बैडमिंटन,शतरंज व खो खो खेल के माध्यम से आगे की प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करना बड़ी बात है। इस सफलता पर बहोरीबंद विधानसभा के विधायक प्रणय प्रभात पांडेय, उत्कृष्ट प्राचार्य तिलक सिंह ठाकुर,मनोज गर्ग,महेंद्र राय,उत्कृष्ट विद्यालय खेल प्रभारी राकेश विश्वकर्मा ने बधाई दी हैं।

---

*किसानों को जरूरत के अनुसार पर्याप्त मात्रा में मिलेगी खाद*

# जिले के लिए नीम कोटेड 1030 मीट्रिक टन यूरिया की एक और रैक झुकेही पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में वर्तमान में खरीफ फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक शुक्रवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इसके पहले बीते बुधवार को भी 660 मीट्रिक टन यूरिया जिले को मिली थी। इस प्रकार अब किसानों की जरूरत के लिए जिले में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता हो गई है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और प्रयासों की वजह से कटनी जिले के लिए 1030 मीट्रिक टन यूरिया की एक और रैक आ गई है। नीम कोटेड यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर लग गई है। जहां से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है।

जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 250 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 310 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी और सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा को 60-60 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ को 30-30 मीट्रिक टन एवं सीएमएस मार्केटिंग सोसाइटी बाकल को 60 मीट्रिक टन यूरिया आबंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सभी खाद दुकानों के बाहर सूचना बोर्ड अवश्य लगाने के निर्देश दिए हैं। इस बोर्ड में प्रत्येक उर्वरक की उपलब्ध मात्रा का विवरण और इसी के सामने उर्वरक की दर लिखवाने की हिदायत कलेक्टर ने दी है।

---

### बहोरीबंद विकासखंड मे नवांकुर सखी -हरियाली यात्रा का हुआ आगाज

# धरती को हरियाली की चुनरी ओढ़ने किया जाएगा वृहद पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



हरियाली को बढ़ाने एवं पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद द्वारा नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से विकासखंड के पांचों अलग-अलग सेक्टर में दो-दो हजार पौधों की रोपणी तैयार की गई है। साथ ही परिषद द्वारा पर्यावरण संरक्षण में स्थानीय महिलाओं की भूमिका को बढ़ाने के उद्देश्य से नवांकुर सखी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत परिषद द्वारा बहोरीबंद विकासखंड मे 500 महिलाओं को नवांकुर सखी के रूप में चयन किया गया है।

हरियाली अमावस्या के अवसर पर बहोरीबंद के पटना मढ़िया मे नवांकुर सखी -हरियाली यात्रा का शुभारंभ विधायक प्रणय पांडेय ने कहा। हरियाली कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गईं ओर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय पांडेय ने वसुधा को हरितमय बनाने जन अभियान परिषद के द्वारा अनुकरणीय कार्य किया जा रहा है। साथ ही इस अभियान मे महिलाओं की भागीदारी जो नवांकुर सखी के रूप मे की गईं वो कारगर होगी। हरियाली यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका को बढ़ाते हुए उनके द्वारा पौधा रोपण व उसका संरक्षण किया जाना है।

जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने कहा कि यात्रा के माध्यम से समस्त नवांकुर सखियों को संस्था द्वारा 11 पौधे देकर उसे सुरक्षित कर बड़ा करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाएगा। कलश यात्राओं का समापन 28 जुलाई को किया जाएगा। इस प्रकार विकासखंड में 5 हजार पौधों का वितरण कर इसे रोपित करने का लक्ष्य है।

इस आयोजन के अंतर्गत बहोरीबंद के प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी। विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि में परिवार महत्व के अवसरों पर रोपित किया जायेगा। ये पौधे एक पेड़ माँ के नाम अभियान में आगामी वर्षों में रोपित होंगे।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री राजेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, नरेश यादव, हजारी लाल पटेल, बच्चू पटेल, धूप सिंह पटेल, हेमलता लोधी, सीमा लोधी, सुनीता श्रीवास, राममिलन पटेल सहित बड़ी संख्या मे जनप्रतिनिधियों व नवांकुर सखियों की उपस्थिति रही।

---



# पैंगोलिन की तस्करी के आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

पैंगोलिन तस्करी में लिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और फिर उन्हें जेल भेज दिया गया।

ढीमरखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत कार्यरत वन विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से एक पैंगोलिन को पकड़कर तस्करी की योजना बना रहे हैं।

सूचना के आधार पर टीम ने जाल बिछाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू की। लगातार निगरानी के बाद टीम ने आरोपियों को रंगे हाथों पैंगोलिन के साथ आरोपियो को पकड़ लिया।

**खबर संक्षेप**

## जाति प्रमाण पत्र अपलोड करने की अनिवार्यता समाप्त

**कटनी।** नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार कक्षा 6वीं के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अब अनिवार्य नहीं है। जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र अपलोड करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6वीं के लिए चयन परीक्षा-2026 हेतु ऑनलाईन आवेदन शुरू है। कक्षा 6वीं के लिए चयन परीक्षा हेतु आवेदन वेबसाईट के माध्यम से किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई है।

## प्रवर्तक सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कटनी।** संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएँ जबलपुर ने किसान विपणन सहकारी समिति मर्यादित बड़वारा (पंजीयन क्रमांक 123876) के समिति के पंजीयन प्रकिया को ₹दुर्व्यपदेशन₹ के आधार पर कराया पाये जाने पर संस्था का पंजीयन निरस्त करते हुये मध्य प्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 ए/क (1) के तहत समिति के सभी प्रवर्तक सदस्यों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। समिति के सभी प्रवर्तक सदस्य संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएँ जबलपुर के समक्ष उपस्थित होकर लिखित में, संयुक्त रूप से या अलग-अलग अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि इस सूचना पत्र के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर किसी भी प्रकार का पक्ष समर्थन प्राप्त नहीं होता है, तो यह मान लिया जाएगा कि नोटिस में लगाए गए आरोप समिति के सभी सदस्यों को स्वीकार हैं। ऐसी स्थिति में, समिति के विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई की जाएगी।

## ई-केवाईसी नहीं होने पर सुविधाओं से रहना पड़ सकता है वंचित

**कटनी।** राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर के समस्त नागरिकों के समग्र आधार ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है जिसमें लगभग 50 फीसदी नागरिकों द्वारा समग्र आधार ई-के.वाई.सी करवा ली गई है। शासन निर्देशानुसार आगामी माह में शासन द्वारा केवल आधार लिंक्ड समग्र आई डी को ही आधार इनेबल्ड पेमेंट के माध्यम से हितलाभ वितरण किया जाना प्रस्तावित है। भविष्य में स्कूल, कॉलेज में बच्चों के एडमिशन हेतु भी समग्र आई डी में ई-केवाईसी नहीं होने पर आप शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं से वंचित हो सकते है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जिन नागरिकों द्वारा अभी तक अपना समग्र आधार ई-के.वाई.सी नहीं करवाया गया है वे अतिशीघ्र अपने नगर निगम से संपर्क कर अथवा एम पी ऑनलाइन के माध्यम से रिक्वेस्ट दर्ज करवा लेवे। आप अपनी सुविधानुसार घर बैठे भी नीचे दी गई लिंक से अपना ई-के.वाई.सी स्वयं भी कर सकते है। समग्र आई डी पर आधार लिंक नहीं होने की स्थिति में समग्र आई डी को डुप्लीकेट समझते हुए डिलीट होने पर आपको असुविधा का सामना करना पड सकता है। अतः कृपया इस कार्य में निगम प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करे।

## उपनगरीय क्षेत्र में चला विशेष सफाई अभियान

**कटनी।** भगवान झूलेलाल का चालीहा व्रत समारोह को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा उपनगरीय क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को की जाने वाली दैनिक सफाई व्यवस्था के चलते ग्राम पंचायत चौराहा, जुलूस मार्ग, पोस्ट ऑफिस चौराहा से बाम्बे होटल तक मुख्य मार्ग की सफाई कराई जाकर कचरे का उठाव एवं चूने की लाइनिंग का कार्य कराया गया। वहीं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत विगत रात्रि बस स्टैंड परिसर, यात्री प्रतीक्षालय, कपड़ा मार्केट, गोल बाजार, सुभाष चैक, गजानन काम्पलेक्स, सहित नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न वार्डो के अन्य मार्ग सहित मुख्य मार्गो के डिवाईडर की सफाई एवं डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया गया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सुगम आवागमन पर हुए कई अहम निर्णय

# ब्लैक स्पॉट्स पर हादसों को रोकने के लिए संकेतक, रिफ्लेक्टर लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सुगम आवागमन और यातायात व्यवस्था की दृष्टि से चिन्हित चार संवेदनशील ब्लैकस्पॉट स्थलों पर दुर्घटना की रोकथाम हेतु संकेतक, रिफ्लेक्टर और ब्लिंकर लगवाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने चाका बायपास चौराहे में यातायात को व्यवस्थित करने के लिए ट्रैफिक लाइट लगवाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया की मौजूदगी में संपन्न हुई।

### ये हैं संवेदनशील ब्लैक स्पाट

कलेक्टर श्री यादव ने दुर्घटना की दृष्टि से चिन्हित 4 संवेदनशील ब्लैकस्पॉट क्रमशः झिंझरी बिलहरी मोड़, बायपास चाका चौराहा, सुरखी टैंक सरसवाही मोड़ और जुहला बायपास में संकेतक, स्पीड ब्रेकर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये ताकि यहां संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

कलेक्टर श्री यादव ने जबलपुर की तरफ से कटनी की ओर शहर में प्रवेश करने हेतु पीरबाबा बायपास में बड़ा सूचना पटल लगाने के निर्देश दिये, ताकि कटनी शहर आने वाले और मैहर-रीवा-प्रयागराज की ओर जाने वालों को सुविधा हो सके। यातायात निरीक्षक श्री राहुल पाण्डेय द्वारा इंद्रानगर पन्ना नाका बायपास में सड़कों में बड़े गड्ढों की वजह से आये दिन ट्रकों के फसने से यातायात बाधित होने की जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने नगर निगम के उपायुक्त शैलेश गुप्ता को तत्काल इन गड्ढों को भरवाने की हिदायत दी।

बैठक में जगन्नाथ चौक (चांडक चौक) में वर्तमान रोटरी की वजह से निर्बाध यातायात में हो रही असुविधा की ओर यातायात निरीक्षक श्री पाण्डेय द्वारा इसे स्थानांतरित करने और डिवाइडर को आगे तक बढ़ाने का सुझाव दिया गया। साथ ही पन्ना नाका के रोटरी को बड़ा करने के सुझाव पर भी कलेक्टर श्री यादव ने कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### पार्किंग की करें व्यवस्था

रेलवे स्टेशन रोड के सेंट्रल पार्किंग की वजह से सुगम यातायात और आमजनों को होने वाली असुविधा पर चर्चा के दौरान यहां से लगे विश्वकर्मा पार्क, साधुराम स्कूल, रेलवे स्टेशन और रूई बाजार में पार्किंग सुविधा के विकास एवं विस्तार पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर श्री यादव ने ट्रैफिक पुलिस व नगर निगम के अधिकारियों को आपस में बैठक आयोजित कर इसके समुचित निदान के निर्देश दिए गये।

इसके अलावा मझगंवा में नेशनल हाईवे से मिलती गांव की सड़क के टी प्वाइंट पर संकेतक लगाने और सुरकी पोड़ी टैंक के पास सरसवाही में लगे वन नाके को सड़क के मोड़ से हटाकर उसे थोड़ा आगे सीधी सड़क में शिफ्ट करने के निर्देश कलेक्टर श्री यादव ने वनमंडलाधिकारी को दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी कि वे हाइवे और सड़क मार्ग के किनारे लटकती और झूलती बिजली की तारों के स्थलों का चिन्हीकरण कर व्यवस्थित करें। साथ ही कलेक्टर ने जबलपुर की तर्ज पर रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन में ऑटो चालकों के प्रीपेड बूथ स्थापित करने के अध्ययन हेतु जबलपुर जाकर इस व्यवस्था को समझने के निर्देश दिए।

### ड्राइवरों का कराएं पुलिस वैरीफिकेशन

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विश्वकर्मा ने बताया कि स्कूल बसों और वैन के बस ड्राइवरों और सहयोगी स्टाफ के पुलिस वेरिफिकेशन का कार्य जल्दी ही करा लिया जाएगा। बैठक में एआरटीओ संतोष पाल ने बताया कि सभी स्कूल बसों का फिटनेस टेस्ट और परमिट की जांच-पड़ताल का कार्य पूरा कर लिया गया है। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के आरके बत्रा व विवेक श्रीवास्तव सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कठिन परिस्तिथियों एवं जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवास कर रहे बच्चों हेतु बाल संरक्षण सेवाओं की मैपिंग के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास कटनी, बाल कल्याण समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं आवाज़ संस्था द्वारा बड़वारा विकासखंड के मदारीटोला में भ्रमण कर जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान अंतर्गत स्कूल में प्रवेशित बच्चों की उपस्थिति की निरंतरता एवं बच्चों के विद्यालय में प्रवेश हेतु विशेष प्रयास किये जाने पर स्थानीय नागरिकों एवं सम्बन्धित विभागों के कर्मचारियों से चर्चा की गई। बच्चों एवं उनके अभिभावकों को परामर्श दिया गया कि वे बच्चों को शिक्षा से जोड़ें। साथ ही उन्हे शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

अन्तर्विभागीय दल द्वारा स्थानीय परिवारों से चर्चा के दौरान पाया गया कि स्थानीय स्तर पर रोज़गार के अभाव में उन्हें कार्य हेतु पलायन करना पड़ता है। जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। अन्तर्विभागीय दल द्वारा आशासकीय संस्थाओं के सहयोग से स्थानीय प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने की कार्ययोजना निर्माण पर चर्चा की गई।

अभियान में योगेश बघेल, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, कटनी, सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास, मनीष तिवारी, अजय दुबे, नितीश राठौर, श्रीमती प्रियंका, महिला एवं बाल विकास विभाग, मनोज तिवारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई, देवेंद्र गुप्ता, विक्टर, आवाज़ संस्था की उपस्थिति रही।

### कोहका का मामला, कब्जा हटाने अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## मुक्तिधाम की भूमि पर अतिक्रमण, अंतिम संस्कार करने नहीं है जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के आश्रित ग्राम ब्रजधाम कोहका में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम की आवश्यकता है। ग्रामीण राजकुमार यादव, सूरज यादव, मदन यादव,संजय यादव ,रामनारायण यादव,अरविंद हल्दकार,राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र हल्दकार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम नही बना है। मुक्तिधाम के अभाव में अंतिम संस्कार करने बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।सबसे ज्यादा समस्या वर्षा काल के समय होती है।जिस स्थल मैं पीढ़ियों से अंतिम संस्कार होता आया है वह सरकारी भूमि है।लेकिन इन दिनों भूमाफियों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया।



भू माफियों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर सरकारी भूमि का विक्रय करवा रहे है। अतिक्रमण हो जाने से गांव मे अब कही भी भूमि नही बची जिससे अन्तिम संस्कार हो सके। इस स्थिति गांव के लोग अंतिम संस्कार करने कहा जाए यह सबसे बडी समस्या है।

### घोषणा के बाद भी निर्माण नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2024 मे माघ मास मैं बसन्तोत्सव पर्व के दौरान विधायक प्रणय पांडेय गांव आये हुए थे।जहां विधायक से मुक्तिधाम की मांग की गई जिस पर विधायक ने गांव मे मुक्तिधाम का निर्माण हो इसके ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के सरपंच व सचिव को निर्देशित किया था।लेकिन आज तक मुक्तिधाम के लिए ग्राम पंचायत के द्वारा प्रस्ताव तक बनाकर तैयार नही किया गया। यदि अब जल्द ही उक्त शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 699 से अतिक्रमण हटवाकर मुक्तिधाम नही बनाया गया तो ग्रामीणजन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया का कहना है कि ग्राम कोहका में मुक्तिधाम स्थल पर अतिक्रमण होने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त स्थल पर मुक्तिधाम बन सके इसके लिये मौके स्थल का निरीक्षण किया जाएगा व अतिक्रमण हटाने की कारवाई की जावेगी।

## कुसेरा में निकली कलश यात्रा, वितरित किये पौधे




मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ढीमरखेड़ा विकासखंड अंतर्गत धरवारा सेक्टर के कुसेरा गांव में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने खेर माता प्रांगण से कलश यात्रा निकाली और हरियाली का संदेश दिया।यात्रा के दौरान महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गांव के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद प्रताप सिंह,दादा पाण्डेय, गुमान सिंह,विकासखंड समन्वयक बबीता शाह सहित उपस्थित लोगों ने महिलाओं को विभिन्न प्रकार के पौधों के बीज भी वितरित किए गए, ताकि हर घर में पौधारोपण को प्रोत्साहन मिले।कार्यक्रम में नवांकुर सखी समूह की सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने सहभागिता की। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने बताया कि यह पहल समाज को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## हांका टीम द्वारा आवारा मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया कांजी हाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों को सुगम एवं सुचारू आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी आदेश के परिपालन एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हांका गेंग रोजाना नगर के मुख्य एवं अन्य मार्ग मे अभियान चलाकर आवारा मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए कांजी हाउस में भेजने का कार्य कर रही है।



स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की हांका गैंग द्वारा गुरुवार को उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित आचार्य कृपलानी वार्ड एवं संत कवरराम वार्ड के विभिन्न मार्गो में अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 11 मवेशी आवारा विचरण कर गंदगी फैलाते पाए जाने पर उन्हे रस्सा एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से पकड़ा जाकर काउ कैचर वाहन के माध्यम से अमीरगंज स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी श्री सोनी ने बताया कि अभियान के तहत अब तक कुल 165 मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा जा चुका है। नागरिकों के सुगम आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए यह अभियान जारी है।

निगमायुक्त नीलेश दुबे नें नगर के समस्त पशुपालकों से अपने - अपने मवेशियों को सार्वजनिक मार्ग में नहीं छोड़ने की अपील करते हुए पशुपालकों से अपने पालतू पशुओं को निर्धारित स्थल पर ही बांधकर रखने की अपील की है।

### ग्राम हरद्वारा में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का हुआ शुभारंभ

## नारी शक्ति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पर्यावरण संरक्षण के लिये हरियाली अमावस्या के अवसर पर नवांकुर सखी के माध्यम से विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 3 देवगांव के ग्राम हरद्वारा से हरियाली यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह हरियाली यात्रा जिले के सभी विकासखंड में सेक्टर स्तर पर 28 जुलाई तक आयोजित की जा रही है।

इस यात्रा का शुभारंभ केन नदी के तट पर स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर में नवांकुर सखियों द्वारा पूजा अर्चना कर शानदार भजनों की प्रस्तुति के साथ की गई। इसके पश्चात ढोल नगाड़ों के साथ कलश व हरित पौधे लेकर ग्राम की नवांकुर सखियों ने भोलेनाथ के जयकारों व पेड़ लगाओ जीवन बचाओ के नारों के



साथ पूरे ग्राम का भ्रमण कर हरियाली यात्रा निकाली। इस यात्रा का समापन भोलेनाथ मंदिर परिसर में किया गया।

जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केसवाल ने बताया कि लोगों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जनचेतना बढ़ाने का कार्य आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हरियाली यात्रा से घर के आंगन, अपने गांव से लेकर शहर तक नागरिकों को पर्यावरण की रक्षा की प्रेरणा मिलेगी। इस पांच दिवसीय नवांकुर सखी हरियाली यात्रा में अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ा जाए। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य नारी शक्ति के माध्यम से स्वैच्छिकता के आधार पर पर्यावरण संरक्षण करना है।

इस अभियान में प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी। मप्र जन अभियान परिषद की इस नवाचारी पहल से प्रत्येक विकासखंड में 5500 पौधे तैयार होंगे तथा अभियान के तहत प्रदेश में 1 लाख 56 हजार 500 नवांकुर सखियों द्वारा 17 लाख 21 हजार 500 पौधे तैयार किए जाएंगे।

विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि पर परिवार के महत्व के अवसरों पर रोपित किए जाएंगे।

### कलेक्टर ने कहा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो

## कलेक्टर ने उर्वरक विक्रय केन्द्र व खरीदी केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरूवार को बरही क्षेत्र के अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बरही स्थित एमपी एग्रो के नकद उर्वरक विक्रय केन्द्र और अग्रवाल कृषि केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विकासखंड बड़वारा के पिपरियाकला में समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द उपार्जन केन्द्र का भी आकस्मिक निरीक्षण किया ।



इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई, उपसंचालक कृषि मनीष मिश्रा, जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयश वर्धन कुरील सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने बरही के नकद उर्वरक विक्रय केन्द्र में उर्वरकों की उपलब्ध मात्रा की सूची बाहर नहीं लगे होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये एसडीएम श्री मंडलोई को खाद के स्कंध की मात्रा की उपलब्धता की जानकारी बाहर सूचना पटल में लगवाने की हिदायत दी। यहां पर उर्वरकों की दर सूची लगी हुई मिली। कलेक्टर श्री यादव ने किसानों को दी जाने वाली पर्ची रसीद बुक, स्टोर लेजर रजिस्टर और किसान सूची पंजी का बारीकी से मुआयना किया और किसानों को वितरित किये जाने वाले उर्वरक डीएपी, यूरिया आदि के वितरण मापदंड की भी जानकारी ली। उन्होंने उर्वरक गोडाउन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान यहां 55.95 मीट्रिक टन डीएपी और 51.3 मीट्रिक टन एसएसपी उर्वरक उपलब्ध मिला। उपसंचालक कृषि द्वारा मौके पर बताया गया कि जल्द ही यहां किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध हो जाएगा। झुकेही रैक प्वाइंट में उर्वरक की एक और रैक आने वाली है। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया की वे जिले के सभी 14 नकद उर्वरक विक्रय केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें ताकि इनकी ऑनलाईन निगरानी की जा सके। इनमें जिलें के 2 डबल लॉक केंन्द्र व 12 अन्य उर्वरक विक्रय केन्द्र है।

कलेक्टर ने बरही नकद उर्वरक विक्रय केन्द्र में तत्काल कैमरा स्थापित करने मौके पर मौजूद एमपी एग्रो के अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने विक्रेता को हिदायत दी कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री यादव ने बरही के निजी अग्रवाल कृषि केन्द्र के खाद गोदाम का भी औचक निरीक्षण किया और विक्रेता दीपक अग्रवाल को शासन द्वारा निर्धारित दर पर ही लोगों को उर्वरक बिक्री करने की ताकीद करते हुये कहा कि किसी भी किसान को मिथ्याछाप, अमानक और टैगिंग कृषि उत्पाद न दिया जाय। उन्होंने मौके पर मौजूद एसडीएम को गोदाम में उपलब्ध खाद का उर्वरक के गुणवत्ता परीक्षण करने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री यादव को पिपरिया कला उपार्जन केन्द्र में समर्थन मूल्य पर मूंग व उड़द उपार्जन केन्द्र के औचक निरीक्षण के दौरान बताया गया कि गुरूवार तक 438 मीट्रिक टन मूंग और 80 मीट्रिक टन उड़द की खरीदी हुई। कलेक्टर श्री यादव ने खरीदी केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि बरसात के मद्देनजर सुरक्षा के तौर पर तिरपाल आदि की समुचित व्यवस्था करें। उन्होंने किसानों से औसत फेयर एवरेज क्वालिटी गुणवत्ता का ही मूंग व उड़द खरीदने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री यादव ने स्वयं उपार्जन केन्द्र में पहुंचे किसानों से मूंग के सैंपल का अवलोकन किया।

## जन्म, मृत्यु, विवाह रजिस्ट्रार को कार्य से किया गया पृथक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**नागरिकों की लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों पर निगमायुक्त ने की बड़ी कार्यवाही**

शासन मंशानुरूप नागरिकों को जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन की सेवाएं प्रदान करने में हीला हवाली करने तथा नागरिकों से मिल रही शिकायतों को संज्ञान में लेकर निगमायुक्त नीलेश दुबे नें शुक्रवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर निगम के जन्म मृत्यु शाखा में रजिस्ट्रार पद पर पदस्थ संजय सोनी को रजिस्ट्रार के दायित्वों से तत्काल मुक्त करते हुए शाखा में पदस्थ अन्य स्टाफ को निगम की शालाओं में शैक्षणिक कार्य करने हेतु आदेशित किया है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा सख्त रूख अपनाते हुए की गई इस बड़ी कार्यवाही से नगर निगम कर्मचारियों के बीच हड़कंप की स्थिति निर्मित है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा योजना एवं सांख्यिकी विभाग अंतर्गत एवं लोक सेवा गारंटी अंतर्गत नगर निगम के जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन संबंधी आवेदन प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण तथा अभिलेखों के संधारण आदि आवश्यक कार्यवाही हेतु नवीन प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी को रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन का संपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। वहीं लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण,जन्म-मृत्यु के अप्राप्यता, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन समय पर किए जाने हेतु नवीन कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए उनकी एसओपी निर्धारित की गई है।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय एवं आंगनबाड़ियों का किया निरीक्षण

**दमोह ।** एसडीएम आर.एल.बागरी ने आज दमोह अनुभाग अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र बालाकोट, आयुर्वेद औषधालय बालाकोट तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय तथा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। एसडीएम श्री बागरी ने अपने निरीक्षण में सभी स्थानों पर व्यवस्थाएं ठीक पाई। वहाँ पदस्थ स्टाफ भी अच्छे से कार्य कर रहा है, उन्होने मेडीकल स्टाफ से कहा वर्तमान में बरसात का मौसम चल रहा है ऐसी स्थिति में बीमारियों के फैलने की संभावना अधिक रहती है, अतः लोगों के इलाज में लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने विद्यालय में छात्रों से भी चर्चा की छात्रों ने बताया कि समस्त शिक्षक स्टाफ़ समय पर आये है एवं पढ़ाई भी बेहतर ढंग से हो रही है।

### मशाल जुलूस का आयोजन आज

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता युवा मोर्चा दमोह द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे के निर्देशन में एवं युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन के मार्गदर्शन में। 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में। जिला स्तरीय मशाल जुलूस का आयोजन शाम 6 बजे किया जाएगा। मशाल जुलूस भाजपा जिला कार्यालय से घंटा घर तक जाएगा। तत्पश्चात घंटाघर पर शहीदों को नमन करते हुए दीप प्रज्वलन कार्यक्रम किया जाएगा कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता आमजन मानस सहित सादर आमंत्रित हैं।

### अस्पताल परिसर में लोगों को किया जागरूक

**पन्ना।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत जिला पुलिस कप्तान सांई कृष्ण एस थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वूदना सिंह चौहान एवं एस डी ओ पी भावना सिंह दांगी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी द्वारा आम लोगो मे जागरूक पैदा करने के लिए नगर मे प्रति दिन अनेक स्थानो एवं शासकीय संस्थाओं में नशा मुक्त कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को नशा करने से व्यक्ति के जीवन मे पडने वाले दुष्परिणाम के बारे मे विस्तार से समझाया जा रहा है शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित अन्य लोगो को नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक किया गया।

कन्यादान विवाह योजना के तहत 1400 से अधिक नव बधुओं को 49,49 हजार रुपए के चेक वितरित

# सरकार बहनों को आरक्षण देकर सशक्त बनाने का कार्य कर रही: राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जबेरा विधानसभा के मुख्यालय कृषि उपज मंडी जबेरा में विगत दिनों पूर्व हुए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में 1400 से अधिक जोड़ो के विवाह जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी के मुख्य आथित्य में संपन्न हुए थे। जिसके तहत शुक्रवार को मंगल भवन जबेरा में नव बधुओं को 49-49 हजार रुपए के चेक राज्यमंत्री श्री लोधी की उपस्थिति में प्रदान किए गये है। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहां कि मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के 49-49 हजार रुपये के चेक आज नव बधुओं को सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ प्रदान किए जा रहे है। विगत माह पूर्व मंडी प्रांगण जबेरा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के अंतर्गत 1400 से अधिक जोड़ों के विवाह संपन्न कराये गए थे जिनके चेक वितरित करने में थोड़ा विलंब जरुर हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार निरंतर गरीबों के हित में कार्य कर रही है जब बेटी पैदा होती है तो उसको हमारी सरका लाडली लक्ष्मी बना देती हैं। जब बेटी स्कूल में दाखिला लेगी तो उसको निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ साईकिल, यूनिफॉर्म, निशुल्क का पुस्तकों के साथ अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने पर लैपटॉप और स्कूटी जैसी सुविधाओं का लाभ सरकार प्रदान करती है। और जब वह 21 वर्ष की हो जाएगी तब उसको सरकार लाडली लक्ष्मी योजना के माध्यम से लखपति बना देती। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि हमारी सरकार बहनों को आरक्षण देकर सरकारी नौकरियों में मौका दे रही है जिससे बहनें सशक्त एवं समृद्ध हो रही हैं। इस दौरान राज्य मंत्री श्री लोधी ने उपस्थित जन समुदाय को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, तहसीलदार सोनम पांडेय, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान,सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन ,मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे राजेश सिंघई, रानू नामदेव, रवि शंकर बाजपेई, विनोद मलैया दशरथ साहू, सतेन्द्र सिंह सुशील चौधरी एवं अनेकों जनप्रतिनिधियों सहित सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति रही उपस्थिति रही।

## कलेक्टर पहुँचे सुदुरवर्ती क्षेत्र हरदुआ घाट, लिया जायजा



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज पटेरा अंतर्गत सुदुरवर्ती क्षेत्र ग्राम हरदुआ घाट पहुँचे। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री कोचर ने स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस दौरान लगाये गये सत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने ड्यू लिस्ट का अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान ड्यू लिस्ट में आशा, आंगनबाडी एवं एएनएम के संयुक्त हस्ताक्षर नहीं पाये गये, ड्यू लिस्ट के सामने ही हितग्राहियों को दी गई टीकाकरण एवं जांचों की प्रविष्टि करना पाया गया। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने स्वास्थ्य अमला से चर्चा कर उन्हे हिदायत दी कि निर्धारित रजिस्टर में दी गई सेवाओं की प्रविष्टि की जाये। सत्र उपरांत आगामी सत्र के लिए तैयार की जाने वाली ड्यू लिस्ट समन्वित रूप से बनाई जाये। कलेक्टर श्री कोचर ने सत्र में किशोरियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का भी परीक्षण किया। इस संबंध में दी जा रही सेवाओं की जानकारी लेकर सेवाओं में बेहतर सुधार करने सबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर ने प्राथमिक शाला हरदुआ घाट का जायजा लिया। छात्रों से संवाद कर उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## एक फरार आरोपी पर ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के 01 प्रकरण में फरार आरोपी पर 02 हजार 500 रूपये का ईनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना मगरोन के अपराध क्रमांक 118/2024 धारा 294,323,506 ता.हि. 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5 क एस.सी./एस.टी. एक्ट इजाफा धारा-325 ता.हि. के तहत फरार आरोपी लोकेन्द्र सींग बुन्देला निवासी ग्राम डुगरूपुरा थाना मगरोन जिला दमोह पर 02 हजार 500 रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/ कर्मचारी/ अधिकारी आरोपी को गिरफ्तार करेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपी की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा।

# सहायक कलेक्टर ने स्मार्ट गांव पड़रिया थोबन का किया दौरा

### स्टडी विजिट के दौरान गांव के सकारात्मक माहौल को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



दमोह के सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे ने अपनी स्टडी विजिट के दौरान जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरी सिंगौरगढ़ के स्मार्ट गांव पड़रिया थोबन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गांव की स्वच्छता, सुंदरता और सकारात्मक माहौल की जमकर तारीफ की। एक साधारण और पिछड़े गांव से स्मार्ट गांव और पर्यटन ग्राम के रूप में उभरने की इस प्रेरणादायक यात्रा ने उन्हें गहरे रूप से प्रभावित किया। असिस्टेंट कलेक्टर ने गांव का भ्रमण करते हुए वहां की व्यवस्थित स्वच्छता, हरियाली और ग्रामीणों के उत्साह को देखकर अभिभूत हुए। भ्रमण के पश्चात गांव के युवाओं ने श्री ठाकरे को पिछले 15 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित एक प्रभावशाली प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इस प्रेजेंटेशन में गांव की प्रगति, सामुदायिक प्रयासों और नवाचारों को दर्शाया गया जिसने एक पिछड़े गांव को स्मार्ट और पर्यटन ग्राम में बदलने की कहानी को जीवंत किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत खैरी सिंगौरगढ़ के उपसरपंच अंशुल बाजपेयी, उपयंत्री राजकरण वर्मा , संजय अहिरवार,सचिव मल्लू सिंह धुर्वे, सहायक सचिव नरेंद्र झरिया, और गांव के युवा अजय, जितेंद्र, पुनीत, प्रिया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। युवाओं की सक्रिय भागीदारी और सामुदायिक एकजुटता ने इस गांव को एक मिसाल के रूप में स्थापित किया है। इस दौरान श्री ठाकरे ने कहा कि ₹पड़रिया थोबन का यह परिवर्तन सामुदायिक सहभागिता और दृढ़ संकल्प का जीवंत उदाहरण है यह गांव न केवल स्वच्छ और सुंदर है, बल्कि यहां का सकारात्मक माहौल अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे एक आदर्श गांव बताया। उन्होंने कहा कि पड़रिया थोबन की यह सफलता न केवल दमोह जिले बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है यह गांव ग्रामीण विकास और सामुदायिक नेतृत्व का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है जो दर्शाता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सामूहिक प्रयासों से किसी भी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

## नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



**सिंग्रामपुर।** जिले सबसे बड़ा विधानसभा जबेरा के ग्राम चौपरा चंडी,जबेरा, सिंग्रामपुर, सिंगपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्थानीय विधायक श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गई इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं एक पेड़_मां के नाम कार्यक्रम के तहतवृक्षारोपण किया। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि साइकिले देना तो एक बहाना है, हमें तो शिक्षा का स्तर बढ़ाना है। इस अवसर पर नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई है। जो छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने दूर-दराज ग्रामों से पैदल पहुंचते है ऐसे छात्र-छात्राओं को हमारी सरकार ने साइकिले प्रदान करने का निर्णय लिया। जिससे विद्यार्थियों को आने-जाने में समय भी कम लगे और सुविधा प्राप्त हो सके। नशा एक मानसिक बीमारी है नशे की आदत से संपन्न परिवार भी अंधकार की ओर चले जाते हैं।मेरा आप सभी से निवेदन है कि नशे से दूरी बनाएं और लोगों को भी समझाएं। जबेरा थाना प्रभारी ने बताया कि नशा नाश कि जड़ है नशे का सेवन कर व्यक्ति वाहन चलाते हैं जिससे आये दिन घटनाएं होती हैं और किसी का बेटा किसी का पिता दुनिया छोड़ चले जाते हैं जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ता है और परिवार बिखर जाता है मैं थाने में देखता हूं कि नशे की हालत में घर परिवार एवं गांव में वाद करते हैं जिससे गंभीर अपराध कर बैठते जिससे लोग कोर्ट कचहरी के लफड़ा में पड़ जाते हैं और आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते उन्होंने कहा कि नशा एक बुरी चीज है इससे दूरी बनाएं एवं अपने साथियों को भी समझाए की नशे का सेवन ना करें। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, जनपद सदस्य इंद्रजीत सिंह, शिक्षक देवेंद्र सिंह,जबेरा थाना प्रभारी विकास चौहान, वरिष्ठ कार्यकर्ता कमल सिंघई,राजेश सिंघई, रानू नामदेव नीरज जयसवाल गोलू साहू सहारा ठाकुर संतोष अवस्थी अजय राय विवेक शाह सहित शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## हरियाली यात्रा का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में आज आदर्श ग्राम मोहड़ में नवान्कुर सखी एवं हरियाली यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह आयोजन नवांकुर संस्था स्वर्गीय श्री राम सिंह लोधी समग्र कल्याण समिति पुरा करौंदी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक आदरणीय सुशील नामदेव जी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक प्रताप सिंह, टेक सिंह, पूर्व सरपंच कल्याण सिंह, वर्तमान सरपंच संतोष बंसल, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कैलाश सिंह लोधी, सचिव हिम्मत सिंह लोधी, नन्हे भाई सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नानी बाई सेन, ज्योति बंसल, कमल सिंह लोधी, सहायिका फूला सेन, सीमा सेन, दौलत सेन, दर्शन सिंह लोधी, हल्लेभाई लोधी, बल्लू आदिवासी, रूप सिंह, राम सिंह, कमलेश सिंह सहित ग्रामवासियों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। उपस्थित सभी महिलाओं को बी रोपित थैलियों का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया, और सभी से इन बीजों को पौधे के रूप में तैयार करने के लिए भी कहां गया। विशेष रूप से ग्राम की नवांकुर सखी बहनों एवं संस्था प्रतिनिधि दुर्जन सिंह लोधी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सार्थक बनाया। यह आयोजन ग्राम में पर्यावरण चेतना के साथ-साथ सामाजिक समरसता का उदाहरण भी बना।

# जैन मिलन शाखा की मासिक बैठक संपन्न



**दमोह।** जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की जुलाई माह की बैठक शाखा मंत्री वीर एम एल जैन के सौजन्य से श्री तारण तरण चैत्यालय भवन के हॉल में सभी वीर बंधुओं की उपस्थिति में आयोजित हुई , सर्व प्रथम शाखा वरिष्ठ वीर नेम कुमार, इंजीनियर आर के जैन नेम कुमार भिड़ा डॉ एल सी जैन शाखा अध्यक्ष वीर संतोष जैन सभी वीर बंधुओं ने दीप दीपायन कर, महावीर प्रार्थना कर शाखा मंत्री ने पूर्व बैठक का वाचन एवं पर्यावरण दिवस, योग दिवस एवं पौधे रोपण हेतु की गई तैयारी, तथा 15/07 को तीर्थ सुरक्षा पर गिरनार तीर्थ क्षेत्र की सुरक्षा हेतु शाखा द्वारा दिये गये ज्ञापन की संक्षिप्त जानकारी देकर आज की बैठक के बिन्दुओं पर चर्चा प्रस्तावित की, क्षेत्रीय कार्य-कारणी की गढ़ाकोटा में की गई बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों की जानकारी शाखा वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इजी आर के जैन ने दी, जिसमे मिलन भावनाओं के साथ राष्ट्र हित धार्मिक,सामाजिक, पर्यावरण एवं तीर्थ सुरक्षा आदि विषयों पर कार्य क्रम बनाने पर निर्देशित किया पौधा रोपण कार्य क्रम हेतु राष्ट्रीय पर्यावरण प्रभारी वीर यू सी जैन,वीर अखिलेश पंडित जी, मोदी संदीप जैन सुनील जैन (LIC) वीर भरत जैन सभी ने अपने अपने विचार रखे, एवं श्याम नगर दमोह में व्यवस्थित पौधा रोपण करने हेतु दिनांक 27/07/2025 का निर्णय लिया गया, शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहन हेतु वीर संजय डब्ल्या एवं अतिवीर ऋषभ जैन (स्टेशन मास्टर) ने प्रस्ताव पर चर्चा की,जीव दया एवं धार्मिक यात्रा हेतु वीर के सी जैन एवं वीर आर के जैन ने विचार व्यक्त किए,विस्तृत चर्चा उपरांत अगली बैठक में निर्णय लेने को कहा, बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति एवं बैठक सूचना पर करने हेतु सभी से आग्रह किया गया ताकि बैठक व्यवस्था अच्छी हो सके,अन्त में वीर यू सी जैन साब ने उपस्थित सभी वीर बंधु एवं तारण तरण चैत्यालय समाज अध्यक्ष वीर नेम चंद भिड़ा जी द्वारा हॉल की व्यवस्था तथा बैठक आयोजक वीर एम एल जैन का आभार प्रकट कर अरिहंत वंदना के साथ बैठक का समापन किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ में लगे शिविर में 59 यूनिट रक्त हुआ एकत्र

**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं, जनप्रतिनिधियों, मीडियाजनों, विद्युत विभाग के कर्मियों, एम एच क्लब के सदस्यों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बडे.उत्साह से रक्तदान किया। संस्था में 59 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। पं. नरेन्द्र व्यास ने युवाओं को जागरूक करते हुए कहा रक्तदान सबसे बड़ा दान हैं। रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जीवनरक्षा होगी। इसलिए बढ-चढकर रक्तदान में अपनी सहभागिता निभाये। सी.बी.एम.ओ. डॉ. महेश लोधी ने बताया स्वास्थ्य विभाग द्वारा मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त एवं सुलभ बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक माह दो विकासखंडों में रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिये गये निर्णय के परिपेक्ष्य में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़ में शिविर आयोजित किया गया। जिला पैथालॉजिस्ट डॉ. प्रशांत सोनी के निगरानी में शिविर में 59 यूनिट रक्त एकत्रण किया गया। इस मौके पर पं. नरेन्द्र व्यास, पं. नरेन्द्र कटारे, करन पटेल, सी.बी.एम.ओ. डॉ. महेश लोधी, जितेन्द्र रैकवार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री ने 89 छात्राओं को वितरित की साईकिलें



**जबेरा।** जबेरा विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में संस्कृति पर्यटन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी शुक्रवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जबेरा में आयोजित किए गए साइकिल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जहां उन्होंने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 59 छात्राओं एवं शासकीय कन्या माध्यमिक शाला की 30 छात्राओं को निशुल्क साईकिलें वितरित की। इस दौरान राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी में कहा कि साइकिल देना तो एक बहाना है हमें तो शिक्षा का स्तर बढ़ना है जो छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने दूरदराज ग्रामों से पैदल चलकर स्कूल जाते हैं ऐसे छात्रों को हमारी सरकार ने साइकिलें प्रदान करने का निर्णय दिया है जिससे छात्रों को आने जाने में असुविधा ना हो और समय भी कम लगे। कार्यक्रम का आभार विद्यालय प्राचार्य जवाहर प्रधान द्वारा व्यक्त किया गया एवं मंत्री जी के समक्ष उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास से विद्यालय तक सड़क निर्माण की मांग, विद्यालय के लिए सौ डेस्क की मांग एवं स्मार्ट बोर्ड की मांग भी रखी जिसे पूर्ण कराने का आश्वासन राज्यमंत्री श्री लोधी ने दिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन,बंटी दुबे, राजेश सिंघई, रानू नामदेव, नीरज जायसवाल, रविशंकर वाजपेई, विनोद मलैया, राजकुमार सोनी, सरपंच सत्येंद्र सिंह, दशरथ साहू, सुशील चौधरी, प्रधान अध्यापक राजेश राय, शिक्षण राजेश जैन, जेपी झारिया, चित्रर सिंह सहित विद्यालय स्टाफ एवं अनेक लोगों की उपस्थिति रही।

# टीम ने जुझार, मसानटोला का किया भ्रमण



**दमोह।** जिले के जनपद पंचायत दमोह अंतर्गत आने वाले जुझार, मसानटोला गांव का वाटर एड दिल्ली की टीम ने भ्रमण किया। जिसमें वाटर एड के जिला समन्वयक विमल विश्वकर्मा ने बताया कि वाटर एड विगत कई वर्षो से दमोह जिले में जल सुरक्षा,संवर्धन व संरक्षण पर कार्य कर रहे हैं अतः इस दौरान हमारे निचले कर्मचारियों का कार्य के दौरान महिलाओं,बच्चों से कैसे व्यवहार किया जाता है इसकी जांच व सम्बन्धित विषय में उनके अधिकारों के हित को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करना एवं सजग रहना आदि की सलाह दी गई वाटर एड दिल्ली टीम से पहुंची। एवं हेमा पिल्लई ने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी इस बात का ध्यान दें कि उक्त कार्य में बाल श्रम, मानव अधिकारों का हनन, महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए आज कल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने दुनिया को बदल कर रख दिया है तथा जब कोई कार्यक्रम हो तो बच्चियों,महिलाओं की अनुमति के बगैर फोटो लेना या वीडियो नहीं बनाया जाए। और कोमल मेम ने कहा कि सामाजिक संस्था के रूप में कार्यरत वाटर एड बच्चों, महिलाओं के सम्मान को ध्यान रखें तथा वाटर एड संस्था दमोह टीम के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक आशीष ठाकुर, ईश्वर चंद्र, निजाम सिंह लोधी, राजेन्द्र गर्ग, वॉलंटियर कड़ोरी सेन, नीतेश सिंह लोधी, नीरज महोबिया, हेमेंद्र असाटी राजन,पप्पू सिंह पटेल, सुरेन्द्र सेन, परम विश्वकर्मा, हल्ले सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हरियाली अमावस्या पर आयोजित किए कार्यक्रम




**दमोह।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई हटा द्वारा हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर एक सुंदर व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर की वरिष्ठ समाजसेवी मंजू व्या के निवास स्थान पर किया गया। इस विशेष अवसर पर दमोह से जिला अध्यक्ष सुनीता गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अनीता अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण के साथ हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही पाखी और अंकुर की श्रीकृष्ण-राधा रूप में प्रस्तुति, जिन्हें सभी ने स्नेहपूर्वक झूला झुलाया। महिलाओं के लिए मनोरंजक गेम्स, स्वादिष्ट नाश्ता और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब सभी सदस्यों ने 102 वर्षीय श्रीमती लक्ष्मी रानी अग्रवाल, जो स्व रामनाथ अग्रवाल की धर्मपत्नी हैं, का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप में अध्यक्ष सृष्टि अग्रवाल, महामंत्री रीता,उपाध्यक्ष मंजू, कोषाध्यक्ष अल्पना, मीडिया प्रभारी रितु, सांस्कृतिक प्रभारी रश्मि, सह-सचिव ज्योति, शिप्रा, बबीता, प्रियंका ,रूपाली, आकांक्षा, जागृति, भावना सहित अन्य सक्रिय महिला सदस्यों की उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्कृति, प्रकृति और समाजसेवा को एक सूत्र में पिरोकर नई पीढ़ी को प्रेरणा देना रहा, जिसमें महिला इकाई पूर्ण रूप से सफल रही।

## सड़क पर बैठे मवेशी, नहीं मिल आसरा

**तेंदूखेड़ा।** गोवंश को लेकर शासन की ओर से तमाम तरह की योजना बनाई गई हैं, लेकिन हकीकत यह है कि बड़ी संख्या में मवेशी निराश्रित हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। यहां भी निराश्रित मवेशी समस्या बन गए हैं।



सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां लोगों को आवागमन में समस्या हो रही है। वहीं दूसरी ओर किसान इस बात को लेकर परेशान है कि फसल तैयार होने पर इन मवेशियों को उनको भारी नुकसान होगा। किसानों को निराश्रित मवेशियों के चलते अभी से खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है। साथ ही मवेशी खेतों तक नहीं पहुंचे, इसके लिए पूंजी लगाकर बंदोबस्त करना पड़ रहा है। वैसे तो तेंदूखेड़ा के अलावा और जगह भी गौशालाएं संचालित हैं, लेकिन वहां इन निराश्रित मवेशियों को आसरा नहीं मिल रहा है। गोशालाओं में मवेशियों की संख्या काफी कम होने के बावजूद वहां निराश्रित मवेशियों को नहीं रखा जा रहा है। मवेशियों का पूरे दिन सड़कों पर ही जमावड़ा लगा रहता है। आसरा सडक पर-- पशुपालकों ने बरसात आते ही मवेशियों को छोड़ दिया है। अमित सिंग व फूल सिंह सहित अन्य किसानों का कहना है कि निराश्रित मवेशियों के लिए जल्द ही कोई बंदोबस्त नहीं किया गया तो वह विरोध में सडक़ पर उतरने को बाध्य होंगे।

# मुनिश्री का अनोखा रिकार्डः 2400 उपवास किये, सालों तक की तपस्या, उपवास रखने का रिकॉर्ड बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया



विरागोंदय तीर्थ क्षेत्र धर्मधाम पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज जैन मुनि ने उपवास रहने का रिकॉर्ड बनाया है जो अब गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया है. जानें कैसे 47 साल के जैन मुनि ने सबसे अधिक दिन तक व्रत रहने का रिकॉर्ड बनाया.भोपाल में 6 अगस्त 1977 को जन्में अनुत्तर सागर महाराज का छोटी उम्र में ही वैराग्य हो गया था. 1996 में वे सन्यास के मार्ग पर आए और 2011 में जैन मुनि बन गए। लेकिन मुनि जी को शुरुआत से ही उपवास व्रत कठिन तपस्या का रुझान दिखने लगा था। शुरुआत में ही उन्होनें सम्मेद शिखर पर 183 दिनों में से 153 दिन अन्न जल ग्रहण ना करते हुए मौन साधना की थी बचपन से ही 48 और 72 घंटे के कठिन व्रत रखते थे. फिर जैन शास्त्रों में जो उपवास हैं वो जैन मुनि बनते ही शुरु कर दिए, पटटाचार्यश्री विशुद्धसागर महाराज से उन्होने जैन शास्त्रों का अध्ययन किया.उनका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ। वर्तमान में विरागोंदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम में पट्टाचार्यश्री विशुद्ध सागर जी मुनिराज के परम शिष्य डां अनुत्तर सागर जी मुनिराज चातुर्मास में व्रत की साधना कर रहे हैं। आप भी रखते होंगे हफ्ते में 1, या 2 भी लेकिन पथरिया के एक जैन मुनि ने व्रत उपवास को जीवन का इस तरह से हिस्सा बनाया कि अनजाने में ये रिकार्ड ही बन गया. मूल रुप से भोपाल के रहने वाले 47 साल के जैन मुनि अनुत्तर सागर महाराज ने 11 वर्ष में 1415 दिन बिना अन्न जल ग्रहण किये मौन रहकर जो कठोर तपस्या की वो गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुई। दुनिया में सर्वाधिक जैन धर्म के व्रत रखने वाले व्यक्ति के तौर पर दर्ज हुए मुनि डां अनुत्तर सागर महाराज हांलाकि उनका ये कठिन उपवास इंटिमिडेट फास्टिंग थी, यानि जिसमें दिनों के बढ़ते क्रम में एक दिन एकाहार के बाद फिर अगले 2, 3 या 4 दिन का निराहार और निर्जला उपवास रखा जाता है।

## पहले 183 में से 153 दिन उपवास किए

परम पूज्य पटटाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम तपस्वी शिष्य डॉ. मुनि श्री अनुत्तर सागर जी महाराज का आज 7 दिन के उपवास के बाद पारणा संपन्न हुई पारणा कराने का सौभाग्य बडौत (उ.प्र.) से पधारे श्रावकों को हुआ। मुनि श्री अभी तक लगभग 2400 उपवास कर चुके है आपके चारित्र शुद्धि के 1234 पूर्ण हो चुके है तथा जिनसहस्त्र नाम के 848 उपवास हो चुके है आप को डॉ. की उपाधि से सम्मानित किया गया है साथ ही आपका नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एलाइड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड एशिया बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में लम्बे उपवास की साधना करने के कारण दर्ज किया गया है, इस चातुर्मास में आप मात्र 18 दिन आहार ग्रहण करेंगे। आपने 19 जून 2025 से गंध अष्टमी व्रत प्रारंभ किया है जो 5 जून 2026 तक चलेगा जिसमे आप 288 उपवास और 64 पारणा 352 दिन में करेंगे अब मुनि श्री 8 उपवास करेंगे जिसकी पारणा 1 अगस्त को होगी।

**खबर संक्षेप**

## मतगणना की तैयारियों पूर्ण

**दमोह।** जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद उपचुनाव निर्वाचन 2025 पूर्वार्ध के लिए मतगणना की तैयारियों पूर्ण इस संबंध में रिटर्निंग अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने अभ्यर्थियों से कहा कि 26 जुलाई को प्रातः 08 बजे से मतगणना का कार्य होगा। अभ्यर्थियों और उनके गणना अभिकर्ताओं के समक्ष प्रातः 07 बजे स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। मतगणना के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु एक टेबल लगाई गई है, इस प्रकार तीन टेबल पर मतगणना का कार्य होगा मतगणना में संलग्न सभी मतगणना कर्मियों, अभ्यार्थियों और उनके गणना अभिकर्ताओं के लिए मोबाइल सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को मतगणना हाल में लाना प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना की जानकारी प्रदान करने के लिए परिसर में मीडिया कक्ष की व्यवस्था की गई है जहां से मतगणना की राउंड बार जानकारी प्रसारित की जाएगी।

# हटरी में फिर पकड़ा मगरमच्छ, पिछले वर्ष इसी गांव में 8 वर्षीय बच्चे की ली थी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले की दमोह रेंज हटरी गांव से निकली ब्यारमा नदी के बड़े घाट में शुक्रवार की सुबह फिर एक 6 फीट का मगरमच्छ पिंजरे में कैद हुआ इसके पहले 11जुलाई को इसी घाट पर एक विशालकाय मगरमच्छ पकड़ा गया था और दो दिन पहले यानी 23 जुलाई को एक बड़ा मगरमच्छ पिंजरे में रखे मांस को खाकर बाहर निकल गया था क्योंकि पिंजरे की साइज छोटी थी और मगरमच्छ बड़ा था जिसके बाद वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए एक बड़ा पिंजरा लगाया हुआ था। और पिंजरे में एक मुर्गा और मछली रखी हुई थी। शुक्रवार की सुबह 6 बजे जैसे ही मगरमच्छ पिंजरे में रखे शिकार दबोचने के लिए पिंजरे में पहुंचा और फंस गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को दी और मौके पर पहुंची टीम ने मगरमच्छ का पिंजरा अपने कब्जे में लेकर दमोह से वन विहार भोपाल भेजने की तैयारी की जा रही है। बता दें बीते वर्ष 2024 की 23 जुलाई को 8 वर्षीय बच्चे कृष्ण सिंह को इसी घाट से मगरमच्छ ने जबड़े में दबोच कर नदी के गहरे पानी में ले गया था और उसकी मौत हो गई थी। और दूसरी घटना इसी वर्ष 2025 की 11 जुलाई की है जहां ब्यारमा नदी के कनिया घाट पटी की है जिसमें नदी किनारे किनारे जल भरने गई महिला मालती पति मेघराज को एक विशालकाय मगरमच्छ ने दबोच लिया था और अपने जबड़े में फंसा कर नदी के गहरे पानी खींच के गया था। उसकी भी मौत हो गई थी। महिला का शव भी बरामद कर लिया गया था। जिसके बाद वन विभाग ने पिंजरा रखकर मगरमच्छ को भी पकड़ लिया था और उसे भी भोपाल के वन विहार भेजा गया था। अब इसी नदी के किनारे से एक और मगरमच्छ को पकड़ा गया है। वही तीसरे बड़े मगरमच्छ को पकड़ने अभी पिंजरा नदी घाट पर रखा हुआ जो कि निरंतर पिंजरे में आने के बाद भी चकमा देकर दो बार बाहर निकल चुका है। गौरतलब हो कि दमोह जिले की ब्यारमा नदी में बीते वर्षों से तेजी से मगरमच्छों की संख्या बढ़ोतरी हुई है और हटरी गूढ़ा कनिया घाट पटी ब्यारमा नदी के तटीय क्षेत्र के एक कि मी में दर्जनों मगरमच्छ ग्रामीणों को दिखाई दिए है जो कि तटीय क्षेत्र के लोगों पर हमलावर हो रहे है और एक वर्ष के अंदर एक बच्चे और एक महिला की मौत मौत हो गई बारिश के मौसम जब नदी नाले उफान पर रहते है नदी नालों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी घुस रहे हैं, और ग्रामीणों पर हमला कर रहे।

दमोह डीएफओ ईश्वर जराडे का कहना है कि ब्यारमा नदी के हटरी गांव के बड़े घाट से इस दूसरे मगरमच्छ को पकड़ा गया है जिसे वन विहार भोपाल भेजा जाएगा। वहां के अधिकारियों से बात की जा रही है, स्थान तय होते ही उसे वहां छोड़ देंगे। दमोह में मगरमच्छों की बढ़ती संख्या के चलते दमोह से बाहर भोपाल वन विहार भेजने का निर्णय लिया गया है।

# श्रावण मास में 11 दिवसीय महारुद्राभिषेक प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



पवित्र श्रावण मास के शुभारंभ के अवसर पर श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 11 दिवसीय विश्वकल्याणार्थ श्री महारुद्राभिषेक का आयोजन गुरुवार से विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। आयोजन का उद्देश्य समस्त सृष्टि के कल्याण हेतु सामूहिक प्रार्थना और वैदिक परंपरा के अनुसार रुद्रपाठ के माध्यम से शिव की आराधना है। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में प्रतिदिन वेदपाठ, रुद्राभिषेक, महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ-साथ ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिससे धर्म और प्रकृति संरक्षण का समन्वय दिखाई दिया। आज के दिन मुख्य यजमान के रूप में मंदिर के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक सपरिवार, रमाकांत पटेल एवं मुरारी पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और रुद्राभिषेक से हुई, जिसे संस्कृत वेदांग विद्यालय के आचार्यगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा संपन्न किया गया। पूजन के उपरांत श्री जागेश्वर धाम द्वारा संरक्षित धेनुवन क्षेत्र (गोवर्धन पर्वत) में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें वैदिक मंत्रों के द्वारा वृक्षों की स्थापना हुई। इस अवसर पर पंडित रामकृपाल पाठक जी ने कहा "शिव केवल देवता नहीं, संपूर्ण सृष्टि और प्रकृति के संरक्षक हैं। रुद्राभिषेक के साथ वृक्षारोपण कर हम भगवान शिव को केवल जल से नहीं, जीवन से पूजते हैं। यह पूजा भावी पीढ़ियों के भविष्य की कामना है।

# बारिश की चेतावनी के चलते स्कूलों में आज अवकाश घोषित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह जिले में अतिवृष्टि के कारण जिले में संचालित समस्त शासकीय/ अशासकीय/ आईसीएसई/ सीबीएससी/ केन्द्रीय विद्यालय/ नवोदय विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों, महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं हेतु कक्षा 01 से 12 तक के लिए 26 जुलाई को अवकाश घोषित किया हैं। उन्होंने कहा शैक्षणिक स्टॉफ विद्यालय में उपस्थित रह कर अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

# विधायक प्रतिनिधि पर अवैध खनन का आरोप



## गाड़ी से बछड़े को कुचलने पर बवाल, संगठन के सदस्यों ने एसपी को दिया ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 जमुनिया नाला के पास बुधवार देर रात बड़ा बवाल हो गया। जानकारी के अनुसार हटा विधानसभा की विधायक उमा देवी खटीक के प्रतिनिधि भरत पटेल पर क्षेत्र में खुलेआम अवैध खनन करने का आरोप है। घटनास्थल पर भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता पहुंचे और एक पोकलेन मशीन तथा डंपरों को जब्त कर लिया। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस व प्रशासन को दी, लेकिन 2 से 3 घंटे तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पटेरा थाना पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और पुलिस पर सत्ता के दबाव में काम करने का आरोप लगाया।

इस बीच मौके से भागने की कोशिश कर रहे विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल की कार ने एक बछड़े को बे रहमी से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हिन्दू संगठनों और भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क उठा और सभी ने थाने का घेराव कर दिया। मामले को लेकर संगठन के सदस्यों द्वारा दमोह एसपी ऑफिस में एक ज्ञापन दिया गया जिसमें सही तरीके से जांच कर कार्यवाही की मांग संगठन के सदस्यों द्वारा की गई।

## गौ सेवा के लिये डाल रहे थे मुरम, बछड़े की मौत पर रीति रिवाज से करूंगा पश्चाताप : भरत पटैल

विधायक प्रतिनिधि भरत पटैल का कहना है कि कल हटा में श्रीराम गौशाला में मेरे द्वारा मुरम डाली जा रही थी । हटा गौशाला में कुछ आयोजन होना था जिसके पूर्व वहां भूमि समतल करने के लिये वहां मुरम डाली जा रही थी। वहां गौ माता को परेशानी होती थी इसलिये मुरम डाली जा रही थी। इसी दौरान भगवती मानव कल्याण संगठन के नामजद सदस्य पहुंचे व



हस्तक्षेप करते हुये डम्पर के चालक के साथ मारपीट की गई। उसी दौरान अधिकारी भी मौके पर पहुंचे एवं मै भी पहुंचा। गाड़ी को अंधेरे में बैक करते समय एक गाय के बछड़े को टक्कर लग गई जिसके बाद बछड़े ने प्राण त्याग दिये। भरत पटैल का कहना है कि गौशाला में मुरम गौ सेवा के लिये डाली जा रही थी उसमें मेरा निजी स्वार्थ नहीं था, लेकिन उसके बाद भी यदि शासन प्रशासन को यह अवैध खनन लगता है तो वह जो भी कार्यवाही करेंगे मुझे स्वीकार है। मैने अपने वाहन भी उनके सुपुर्द कर दिये है। इसके साथ ही उन्होने बछड़े की मौत को लेकर कहा कि बछड़े की मौत अनजाने में हुई जिसके लिये उन्हे बहुत ग्लानि है। वह ब्राम्हणों द्वारा रीति रिवाज के अनुसार प्रयाश्चित पश्चाताप करेंगे। इसके लिये उन्होने प्रयागराज में स्नान कर मां गंगा मैया से अपराध की क्षमा भी मांगी है। उन्होने कहा कि वह भी गौ सेवक है , गौ माता की सेवा में हमेशा तत्पर रहते है।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष हजारी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह से की मुलाकात



**हटा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला के उपाध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह हजारी ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से दिल्ली आवास पर मुलाकात कर जिले के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। अनुराग वर्धन हजारी ने श्री शिवराज सिंह चौहान से औपचारिक चर्चा कर हटा विधानसभा सहित दमोह जिले के किसानों की स्थिति एवं समस्याओं से अवगत कराया एवं सुधार हेतु सुझाव सहित अनुरोध भी किया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अर्पित ताम्रकार भी मौजूद रहे।

# सोलह दिवसीय श्रीशांतिनाथ विधान का ध्वजारोहण से शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



रक्षाबंधन पर्व के पूर्व श्रावण मास शुक्ल पक्ष के सोलह दिन प्रारंभ होते ही विविध धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो गए हैं। इसी क्रम में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी मे आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं समय सागर जी के आशीर्वाद से श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन भी घट यात्रा उपरांत ध्वजारोहण से भक्ति भाव से प्रारंभ हो गया ळें दमोह नगर के सबसे बड़े नन्हे मंदिर में भगवान पारसनाथ के विशाल समवशरण के समक्ष भक्ति भाव के साथ 16 दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान का शुभारंभ विधान के महापात्राओं के साथ इंद्र इंद्राणियों के सकलीकरण से हुआ।

इस अवसर पर सर्वप्रथम शुक्रवार सुबह ध्वजारोहण की क्रियाएं संपन्न हुई। प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री प्रदीप शास्त्री ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया एवं रोहित भैया के निर्देशन में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य एनके जैन, सुनील महेंद्र करुणा वेजीटेरियन परिवार को प्राप्त हुआ। विधान के लिए समस्त द्रव्य प्रदान करने का सौभाग्य पदमचंद जी खजूरी वाला परिवार ने प्राप्त किया है। सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान में सोधर्मइंद्र बनने का सौभाग्य राजेन्द्र अटल परिवार, भरत चक्रवर्ती बनने का सौभाग्य पंकज जैन 'मुंशी' परिवार, कुबेरइंद्र बनने का सौभाग्य संतोष जैन अविनाशी बनवार परिवार, महायज्ञ नायक बनने का सौभाग्य मुकेश जैन अनिल फोटो परिवार तथा यज्ञ नायक बनने का सौभाग्य चंद्र कुमार जैन खजरी परिवार को प्राप्त हुआ है। विधान सौभाग्य कर्ता पात्रों के साथ श्रावक श्रेष्ठि इंद्रजनों ने श्रीजी का अभिषेक शांति धारा पूजन करके मंडल पर अर्घ्य चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त किया। शाम को भक्ति भाव के साथ महा आरती का आयोजन भी किया गया।

विधान के दूसरे दिन शनिवार को सुबह 7:30 बजे से मंगल अभिषेक शांति धारा पूजन उपरांत विधान प्रारंभ होगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष नवीन निराला एवं महामंत्री राजकुमार जैन रानू ने सकल जैन समाज से देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान की वृहत आराधना करने हेतु सापरिवार पधारकर पुन्यार्जन कर धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

## भगवान श्रीपार्श्वनाथजी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 31 जुलाई को मनाया जाएगा

**दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में जैनधर्म के तेइसवें तीर्थंकर भगवान श्री पार्श्वनाथ जी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव 31जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा ।इस अवसर पर प्रातः भक्तामर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, भगवान श्री पार्श्वनाथ जी का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान होगा । अत्यंत भक्ति भावपूर्वक निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती होगी। कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने श्रद्धालु भक्तों से कुण्डलपुर पधारकर धर्मलाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने हटा थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराधों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए बीती रात थाना हटा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अनुभाग गश्त,बस स्टैंड प्वाइंट,अंधियारा बगीचा प्वाइंट में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को चेक कर प्रभावी गस्त हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत थाना हटा पहुंच कर थाना की सीसीटीएनएस प्रगति, ड्यूटी रजिस्टर, अपराध पंजी, लंबित प्रकरणों, सीसीटीवी सहित थाना भवन की साफ सफाई व्यवस्था को चेक किया। क्षेत्र में विगत दिवसों में घटित अपराधों एवं निगरानी गुंडा/अपराधियों की सूची की समीक्षा कर थाना प्रभारी को प्रभावी कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कर्मियों को ड्यूटी में आने वाली समस्याओं पर चर्चा कर उनके यथा उचित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। एसपी ने दमोह रेल्वे स्टेशन निरीक्षण के दौरान स्टेशन गस्त प्वाइंट, स्टेशन पार्किंग व्यवस्था, स्टेशन पर यात्री व्यवस्था चेक कर रेलवे कंट्रोल रूम में रेलवे सुरक्षा संबंधी जानकारियों को समझा एवं दोनों विभागों के सुरक्षा कर्मियों को समन्वय हेतु निर्देशित किया। उपरांत जिला अस्पताल में पुलिस/गार्ड व्यवस्था, अस्पताल परिसर बाउंड्रीवाल, असामाजिक तत्वों के अनावश्यक भ्रमण, सीसीटीवी कंट्रोल रूम को चेक किया एवं अधिक से अधिक क्षेत्र को सीसीटीवी कवरेज में लाने के लिए संबंधित प्रभारी से चर्चा की गई।

# तैराकी प्रतियोगिता में सनकुईया स्कूल की छात्र को प्रथम स्थान



**हटा।** विगत दिवस दमोह में डीपीएस विद्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय तैराकी की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले के सभी विकासखंड के विद्यालयों से चयनित विभिन्न आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें विकासखंड हटा अंतर्गत आने वाले शासकीय के छात्र कृष्णा रैकवार ने 100 मीटर फ्री स्टाइल तैराकी में प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग की टीम में अपना स्थान बनाया। छात्र ने कोच प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव की मार्गदर्शन में तैराकी प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्र की इस सफलता पर संकुल प्राचार्य विजय कुमार प्यासी, बीआरसी एमएल अहिरवार ,जन शिक्षक हारुन खान, ललजू अहिरवार विद्यालय परिवार से कमलेश ताम्रकार ,मुकेश रैकवार ,राकेश अहिरवाल, पीएल बंसल ,आकाश राजपूत बृजेश साहू ने बधाई शुभकामनाएं दी।

# देश, समाज और राष्ट्र सेवा का संदेश शहीद चंद्रशेखर आजाद ने दियाः बाथम

## आजाद चौक पर हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम



**दमोह।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद जी की 119 वीं जन्म जयंती के अवसर पर जिले के स्थानीय जिला सहकारी बैंक चौराहा 'आजाद चौक' पर स्थित आजाद स्मारक पर छात्र क्रांति दल एवं छात्र सर्व कल्याण समिति जिला दमोह के नेतृत्व में दमोह के द्वारा पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) सीताराम बाथम सहित अनेक समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों ने शहीद चंद्रशेखर आजाद जी को अपने पुष्प अर्पित कर जयंती के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रदेश के मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) सीताराम बाथम ने कहा जिस प्रकार शहीद चंद्रशेखर आजाद ने देश, समाज और राष्ट्र सेवा का कार्य किया है उसी प्रकार हम सभी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताये मार्ग पर चलकर हम राष्ट्र कल्याण के कार्य को करेंगे।

# दमोह की गुरमीत छाबड़ा बनीं मिसेज इंडिया एशिया की नेशनल फाइनलिस्ट



**दमोह।** दमोह की 53 वर्षीय श्रीमती गुरमीत छाबड़ा ने मिसेज इंडिया एशिया 2025 के नेशनल फाइनल्स में जगह बनाकर पूरे शहर का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में कई महत्वपूर्ण चरणों को पार किया — पोर्टफोलियो चयन, इंटरव्यू राउंड, रैम्प वॉक और अपनी जीवन यात्रा को प्रस्तुत करने वाला राउंड। श्रीमती गुरमीत छाबड़ा (डीलू)'आकर्षण' बुटीक की संस्थापक हैं, गुरमीत जी का मानना है कि हर व्यक्ति को अपने बेहतरीन अंदाज़ में तैयार होना चाहिए, क्योंकि अच्छा पहनावा आत्मविश्वास को बढ़ाता है। प्रतियोगिता में जजों ने उनके आत्मविश्वास और प्रस्तुति की सराहना के साथ-साथ उनके उद्यमशील विचारों को भी सराहा — विशेष रूप से दमोह की महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें फैशनेबल एवं आत्मनिर्भर बनाने की उनकी सोच को। उनके दोनों बच्चे वर्तमान में बेंगलुरु में कार्यरत हैं और अपनी माँ की इस शानदार उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। यह पूरे दमोह के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे शहर की एक महिला अब नेशनल स्तर पर प्रतिभाग करेंगी। मिसेज इंडिया एशिया 2025 के नेशनल फाइनल्स का आयोजन सितंबर में दिल्ली के रेडिसन होटल में किया जाएगा, जहाँ चयनित फाइनलिस्ट्स के लिए तीन दिवसीय विशेष वर्कशॉप आयोजित होगी। यह सिर्फ मेरी नहीं, पूरे दमोह की जीत है। मैं चाहती हूँ कि हमारे शहर की हर महिला अपने आत्मविश्वास और पहचान को लेकर गर्व महसूस करे।

– **श्रीमती गुरमीत छाबड़ा (डीलू)**